भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4439

(दिनांक 20.03.2020 को उत्तर देने के लिए)

आकाशवाणी/दूरदर्शन केंद्रों का उन्नयन और आधुनिकीकरण

4439. एडवोकेट ए.एम. आरिफः
श्री जनार्दन मिश्रः
श्री रोड़मल नागरः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या डिजिटलीकरण की बढ़ती जरूरतों के साथ तालमेल रखने के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्रों का ढांचागत उन्नयन और आधुनिकीकरण किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी दूरदर्शन-केंद्र-वार और आकाशवाणी केन्द्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस प्रयोजनार्थ आवंटित और उपयोग की गई निधि का दूरदर्शन केंद्र-वार और आकाशवाणी केंद्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) आकाशवाणी/दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की कार्यात्मक गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क) और (ख): आकाशवाणी प्रसारण का आधुनिकीकरण/उन्नयन और सुदृढ़ीकरण एक सतत प्रक्रिया है। इसमें अन्य के साथ-साथ ट्रांसमीटरों का आधुनिकीकरण, संवर्धन और प्रतिस्थापन तथा प्रसारण उपकरण, स्टूडियों का डिजिटीकरण, एफएम विस्तार/प्रतिस्थापन, संवेदनशील क्षेत्रों में कवरेज, वैकल्पिक प्लेटफार्म पर प्रसारण, सामग्री विकास, डीटीएच और हाई डेफिनेशन टीवी चैनलों आदि का विस्तार शामिल है।

वर्ष 2019-20 के दौरान दूरदर्शन (डीडी) द्वारा विभिन्न स्थानों जैसे कि छत्तीसगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र, लद्दाख, झारखंड, पुद्दुचेरी, जम्मू एवं कश्मीर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और तमिलनाडु में उन्नयन तथा आधुनिकीकरण परियोजनाओं को शुरू किया गया। इसी प्रकार, आकाशवाणी (एआईआर) के संबंध में, देशभर में विभिन्न आकाशवाणी केंद्रों/स्थानों में उन्नयन और आधुनिकीकरण का कार्य शुरू किया गया है।

(ग): आकाशवाणी और दूरदर्शन में परियोजनाओं के लिए आबंटित और उपयोग किए गए बजट का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(आंकड़े करोड़ रु. में)

वर्ष	**आकाशवाणी**		**दूरदर्शन**	
	आबंटन	**व्यय**	**आबंटन**	**व्यय**
2016-17	**177.00**	**164.52**	**221.00**	**208.14**
2017-18	**115.00**	**115.00**	**118.34**	**52.02**
2018-19	**119.98**	**108.01**	**112.17**	**80.08**
2019-20*	**104.24**	**72.81**	**96.00**	**46.13**

** वर्ष 2019-20 के लिए व्यय दिसंबर, 2019 तक की स्थिति के अनुसार है।*

(घ): लोक सेवा प्रसारक के रूप में, प्रसार भारती (दूरदर्शन और आकाशवाणी) मुख्यत: लोक हित अर्थात स्वास्थ्य, शिक्षा, सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय आदि के मुद्दों पर फोकस करता है। प्रसार भारती का लगातार प्रयास है कि वह लोगों का पसंदीदा चैनल बनने के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रभावकारी और मनोरंजक कार्यक्रमों का प्रसारण करे। आकाशवाणी की सामग्री को और अधिक संवादमूलक बनाया गया है, लंबे फॉर्मेटों की जगह कम अवधि के संगीत कार्यक्रमों, लाइव फोन इन कार्यक्रमों, चैट शो आदि को रखा गया है।

डीडी अरूण प्रभा शुरू करने और दूरदर्शन के 11 राज्य विशिष्ट चैनलों को डीटीएच प्लेटफार्म पर लाने से, दूरदर्शन नेटवर्क के दायरे का विस्तार किया गया है। स्टूडियो से गुणवत्तापरक सामग्री सृजन के लिए स्टूडियो के लिए वीडियो वॉल्स को शुरू किया गया है। इसके अलावा, ऑडियो/वीडियो सामग्री के प्रसार के लिए प्रसार भारती द्वारा 70 से अधिक "यूट्यूब" चैनल बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 200 से अधिक आकाशवाणी चैनलों को एंड्रायड पर "न्यूजऑनएयर" ऐप और आईओएस मोबाइल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराया गया है।

*****